# प्रश्न बैंक

सत्र - 2021-22

## विषय—पर्यावरण

## कक्षा — तीसरी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2021


**संरक्षक**

डी. राहुल वेकंट 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे

अतिरिक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती कौशिल्या खुटे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्री के.के.शुक्ला

**लेखन**

चचंल शुक्ला, नीलिमा श्रीवास्तव

**टंकण**

समृद्धि

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए पूरे देश में सभी शैक्षणिक संस्थाएँ शिक्षा सत्र 2020–21 में बंद थी। विषम परिस्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'पढ़ई तुँहर दुआर', 'मोहल्ला कक्षा', लाउडस्पीकर, बुल्टू के बोल, जैसे अनेक नवाचारी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए थे। जिसके तहत हमारे शिक्षक ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान करते रहे। 2021–22 में भी स्कूल खुलने में अनिश्चितता की स्थिति है और इस स्थिति को देखते हुए आयुक्त लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा पुनः ऑनलाइन कक्षा, मोहल्ला कक्षा/पारा कक्षा के संचालन के लिए आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति ली जायेगी तथा पढ़ाए गए विषयों पर प्रतिमाह आकलन किए जाएँगे।

इस तरह से सत्र 2021 में भी विभिन्न नवाचारी माध्यमों का आधार लिया जाकर बच्चों की पढ़ाई (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत परिषद् द्वारा ऑनलाइन क्लासेस, आडियो, विडियो, मेनुअल वर्कशीट का निर्माण किया गया । इसी निरन्तरता के अनुक्रम में विषयानुसार सभी कक्षाओं के लिए (1–10) **प्रश्न बैंक** का निर्माण किया गया है। निर्मित **'प्रश्न बैंक'** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं।

शिक्षक या शिक्षा सारथी जब मोहल्ला अथवा पारा कक्षा में बच्चों से जुड़ेंगे तो यह **'प्रश्न बैंक'** पाठ को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करेगा।

सृजित **'प्रश्न बैंक'** में समाहित प्रश्न अनुप्रयोग, कौशल एवं समझ आधारित है। प्रश्न और उत्तर की भाषा स्तरानुकूल है। **'प्रश्न बैंक'** के प्रश्नों का उपयोग वर्तमान में 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत ऑनलाइन/ऑफलाइन अध्ययन–अध्यापन के दौरान बच्चों में अपेक्षित कौशलों के विकास को जाँचने के लिए किया जा सकेगा। इन प्रश्नों से पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को और अधिक पुष्ट करने में मदद मिलेगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **'प्रश्न बैंक'** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय–वस्तु की समझ विकसित होगी। छात्र पाठ पढ़कर स्वतः प्रश्न निर्माण कर पाएँगे।

यह **'प्रश्न बैंक'** शिक्षक, पालक एवं छात्रों के लिए उपयोगी है इतना ही नहीं विद्यार्थी अपने विचार, समझ और अपनी प्रगति के बारे में स्वयं आकलन कर सकेंगे।

**संचालक**

एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर

# विषय सूची


| क्रं | अध्याय | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1. | मेरी गुड़िया | 1-2 |
| 2. | अलग-अलग पर हम सब एक जैसे | 3-4 |
| 3. | मेरा परिवार | 5-6 |
| 4. | जीव – जन्तु कैसे– कैसे | 7-8 |
| 5. | पप्पू जी के खिलौने | 9-11 |
| 6. | सर्दी गर्मी और बरसात | 12-13 |
| 7. | क्या किससे बना | 14-15 |
| 8. | बगिया | 16-17 |
| 9. | मिट्टी | 18-19 |
| 10. | हवा | 20-21 |
| 11. | पानी | 22-23 |
| 12. | चलो चाँद की सैर पर जाएँ | 24-25 |
| 13. | घर कैसे-कैसे | 26-27 |
| 14. | कपड़े तरह-तरह के | 28-29 |
| 15. | सफाई | 30-31 |
| 16. | जरुरी बातें | 32-33 |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | हमारा भोजन | 34-35 |
| 18. | हमारा त्यौहार | 36-37 |
| 19. | शाला के त्यौहार | 38-39 |
| 20. | हमारे काम धंधे | 40-41 |
| 21. | जरा संभल के | 42-43 |
| 22. | संकेतों की दुनिया | 44-45 |
| 23. | आओ नक्शा बनाएँ | 46-47 |
| 24. | आओ सवारी करें | 48-49 |
| 25. | घटती दूरियाँ | 50-51 |
| 26. | लुढ़कता चले पहिया | 52-53 |
| 27. | आओ खेलें-खेल | 54-55 |
| 28. | राजू गया तालाब पर | 56-57 |

## पाठ – 1

## मेरी गुड़िया

प्रश्न 1. यह कौन सा अंग है ?



(अ) नाक (ब) कान

(स) आँख (द) मुँह

उत्तर – (ब) कान

प्रश्न 2. शरीर से जुड़े अंगो में पैर का क्या काम है ?

(अ) चलना (ब) पीना

(स) खाना (द) बोलना

उत्तर – (अ) चलना

प्रश्न 3. हम एक हाथ से क्या कर सकते है ?

(अ) छोटी बनाना

(ब) खाना बनाना

(स) ताली बजाना

(द) ताला लगाना

उत्तर – (ब) खाना बनाना

प्रश्न 4. गर्म और ठंडी वस्तुओ की पहचान कैसे करोगे ?

(अ) देखकर (ब) छूकर

(स) सुनकर (द) सूंघकर

उत्तर – (ब) छूकर

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. नाक से हम क्या काम करते है?

उत्तर – 1 नाक से हम सूंघते है ।

प्रश्न 2. हमारे शरीर में कौन – कौन से दो – दो अंग है?

उत्तर – 2 हाथ, पैर, आँखे, कान ।

प्रश्न 3. नाक व आँख का चित्र बनाओ ।

उत्तर – 3



नाक का चित्र



आँख का चित्र

प्रश्न 4. यदि जीभ व हाथ न होते तो हमे क्या - क्या परेशानी होगी लिखिए ?

उत्तर – 4 यदि जीभ नही होता तो हम स्वाद नही ले पाते, व हाथ नही होने पर हम काम नही कर पाते ।

-----ooo-----

## पाठ – 2

## अलग – अलग पर हम सब एक जैसे

प्रश्न 1. सभी के पैर होते है –

(अ) एक समान

(ब) अलग – अलग

(स) समरूप

(द) कभी समान कभी अलग

उत्तर – (ब) अलग – अलग

प्रश्न 2. आवाज़ सुन कर बिना देखे दोस्त को पहचान लेते हो –

(अ) सबकी आवाज़ एक जैसी होती है ।

(ब) सबकी आवाज़ अलग – अलग होती है ।

(स) हम पहचान ही नही सकते है ।

(द) इनमे से कोई नही ।

उत्तर – सबकी आवाज़ अलग – अलग होती है ।

प्रश्न 3. हम सभी किस प्रकार एक दूसरें से भिन्न होते है ?

उत्तर – हम सभी आकर व बनावट में अलग – अलग होते है ।

प्रश्न 4. तुम्हारे दोनों हाथो को मिलाकर कितने ऊँगली व अंगूठे है ?

उत्तर – आठ उंगलियाँ व दो अंगूठे ।

प्रश्न 5. अपने हाथ के हथेली का चित्र बनाए ।

उतर –



प्रश्न 6. अपने से छोटे कद के चार बच्चो के नाम लिखो –

उत्तर – हर बच्चा अपनी कक्षा के अनुसार बच्चो के नाम लिखेंगे ।

प्रश्न 7. अपनी मम्मी के हाथ से अपने हांथ के छाप की तुलना करो ?

उत्तर – मेरे हांथ की तुलना में मेरी मम्मी का हाथ बड़ा, मोटा एवं चौड़ा है।

प्रश्न 8. अपने किसी मित्र की खास बाते लिखो –

उत्तर – बच्चे किसी भी मित्र के स्वभाव के बारे में लिख सकते है । वह कैसा है।

**-----ooo-----**

**पाठ – 3**

## मेरा परिवार

प्रश्न 1. इनमे से किसकी उम्र अधिक है ?

(अ) बहन (ब) भाई

(स) माता (द) दादा

उत्तर – (द) दादा

प्रश्न 2. इनमे से बुआ किसे कहेंगे ?

(अ) पिता की बहन (ब) माता की बहन

(स) दादा की बहन (द) दादी की बहन

उत्तर – (अ) पिता की बहन

प्रश्न 3. इनमे से कौन अलग तरह के कपड़े पहनते है ?

(अ) पिता (ब) माता

(स) चाचा (द) मामा

उत्तर – (द) माता

प्रश्न 4. परिवार का कौन सा सदस्य शादी के बाद दूसरे परिवार में चले जाते है ?

(अ) बहनें (ब) भाई

(स) पिता (द) चाचा

उत्तर – (अ) बहनें

प्रश्न 5. तुम अपने चाचा की पत्नी को क्या कह कर बुलाते हो ?

उत्तर – चाची, कह कर बुलाते है।

प्रश्न 6. अपने परिवार के सदस्यों का नाम लिखिए।

उत्तर – बच्चे अपने परिवार के सदस्यों का नाम लिखेंगे।

प्रश्न 7. तुम अपने माता के कार्यों में कैसे मदद करते हो ?

उतर – (1) छोटे भाई बहन को सम्भालना।

(2) पानी भरना साफ सफाई करना।

(3) दादा – दादी की देखभाल करना।

-----ooo-----

## पाठ – 4

## जीव – जन्तु कैसे – कैसे

प्रश्न 1. कुकडूँ – कु की आवाज़ कौन निकालता है ?

(अ) बिल्ली (ब) चूहा

(स) मुर्गा (द) कुत्ता

उत्तर – (स) मुर्गा

प्रश्न 2. जमीन के अन्दर बिल बनाकर रहने वाला जन्तु है –

(अ) बिल्ली (ब) छिपकली

(स) कुत्ता (द) चूहा

उतर - (द) चूहा

प्रश्न 3. मनुष्य की आवाज़ को नकल कर सकने वाले पक्षी का नाम है –

(अ) तोता (ब) मोर

(स) कोयल (द) कौआ

उत्तर – (अ) तोता

प्रश्न 4. इनमे से किस जन्तु के कान नही होते ?

(अ) नेवला (ब) खरगोश

(स) बिल्ली (द) साँप

उत्तर – (द) साँप

प्रश्न 5. पालतू जानवरों के नाम लिखो ?

उत्तर – कुत्ता, बिल्ली, तोता, मुर्गी आदि इनमे से कोई दो लिखने से अंक दिये जाए।

प्रश्न 6. पेड़ पर उल्टा लटकने वाला जानवर कौन सा है?

उत्तर – चमगादड़

प्रश्न 7. अण्डे व बच्चे देने वाले जानवरों के नाम लिखो?

उत्तर – (1) मुर्गी, तोता अण्डे देने वाले

(2) कुत्ता, बिल्ली बच्चे देने वाले

प्रश्न 8. निम्न तालिका भरिये

| | जानवरों के नाम |
|---|---|
| माँसाहारी | |
| शाकाहारी | |

उत्तर –

| | जानवरों के नाम |
|---|---|
| माँसाहारी | शेर, चीता |
| शाकाहारी | गाय, बकरी |

-----ooo-----

## पाठ – 5

## पप्पू जी के खिलौने

प्रश्न 1. इनमे से कौन जीवित नही है ?

(अ) गाय (ब) बस

(स) आम का पेड़ (द) बन्दर

उत्तर – (ब) बस

प्रश्न 2. इनमे से कौन जीवित है ?

(अ) मछली (ब) आम का पेड़

(स) बकरी (द) सभी

उत्तर – (द) सभी

प्रश्न 3.









उपरोक्त चित्र में निर्जीव बताईये -

(अ) तोता (ब) साँप

(स) गुड़िया का खिलौना (द) पेड़

उत्तर – (स) गुड़िया का खिलौना

प्रश्न 4. इनमे से कौन अलग है ?

(अ) टेबल (ब) कुर्सी

(स) स्टूल (द) चिड़िया

उत्तर – (द) चिड़िया

प्रश्न 5. दो जीवित व दो जो जीवित नही है उनके नाम लिखिए -

उत्तर – कोई भी दो जीवित व दो जो जीवित नही उनके नाम बच्चे लिख सकते है –

उधाहरण – (1) गाय, आदमी

(2) खिलौने, रोटी आदि।

प्रश्न 6. जानवरों की ऐसी बाते लिखो जो उन जानवरों के खिलौनो में नही होती लिखो?

उत्तर – जानवर, साँस ले सकते, खिलोने साँस नही ले सकते है,

जानवर खाना खा सकते, खिलौने खाना नही खा सकते।

कोई भी दो उदाहरण ले सकते है –

प्रश्न 7. आदमी और पेड़ में अंतर लिखिए।

| **आदमी** | **पेड़** |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |

उत्तर –

| **आदमी** | **पेड़** |
|---|---|
| 1. जन्तु है। | 1. पौधा है। |
| 2. चल सकता है। | 2. चल नही सकता है। |

प्रश्न 8. जीवित (सजीव) क्या – क्या कर सकते है?

उत्तर – (1) साँस लेते है।

(2) खाना खाते है।

(3) चलते है।

(4) बढ़ते (वृद्धि) करते है। आदि में कोई दो कारण लिखने पर अंक दिये जाए।

**-----०००-----**

## पाठ – 6

## सर्दी गर्मी और बरसात

प्रश्न 1. हम धूप किस मौसम में सेकते है ?

(अ) बरसात में (ब) गर्मी में

(स) सर्दी में (द) शरद में

उत्तर – (स) सर्दी में

प्रश्न 2. 'आम' किस मौसम में आते है ?

(अ) गर्मी (ब) ठंड

(स) बरसात (द) इनमे से कोई नही

उत्तर – (अ) गर्मी

प्रश्न 3. काले – काले बादल किस मौसम में ज्यादा दिखते है ?

(अ) गर्मी (ब) बरसात

(स) ठंड (द) इनमे से कोई नही

उत्तर – (ब) बरसात

प्रश्न 4. गर्मी में इनमे से क्या करना चाहिए ?

(अ) स्वेटर पहनना चाहिए।

(ब) रेनकोट पहनना चाहिए।

(स) सूती कपड़े पहनना चाहिए।

(द) छाता लगाना चाहिए।

उत्तर – (स) सूती कपड़े पहनना चाहिए।

प्रश्न 5. रजाई किस मौसम में ओढ़ते हो?

उत्तर - रजाई सर्दी के मौसम में ओढ़ते है।

प्रश्न 6. गर्मी के मौसम में तुम क्या – क्या खाना पसंद करते हो?

उत्तर – तरबूज, आइसक्रीम, शर्बद, आम आदि कोई भी दो लिखने पर अंक दिए जाये।

प्रश्न 7. बरसात के मौसम का चित्र बनाईये?

उत्तर –



प्रश्न 8. सर्दी के मौसम में तुम्हे क्या करना अच्छा लगता है?

उत्तर – (1) धूप सेकना

(2) गर्म पेय पीना

(3) गर्म कपड़े पहनना

आदि कोई भी दो लिखने पर अंक दिए जाये।

-----ooo-----

## पाठ – 7

## क्या किससे बना

प्रश्न 1. पढने के समय उपयोग में आने वाली वस्तु कौन सी है ?

(अ) पुस्तक (ब) पेन्सिल

(स) पेन (द) रबर

उत्तर – (अ) पुस्तक

प्रश्न 2. कौन सी चीज़े लकड़ी की नही बनी होती है ?

(अ) कुर्सी (ब) टेबल

(स) सोफा (द) हसियाँ

उत्तर – (द) हसियाँ

प्रश्न 3. कौन सी वस्तु में तरल पदार्थ नही रखा जा सकता है ?

(अ) घड़ा (ब) जग

(स) मग्गा (द) बेलन

उत्तर – (द) बेलन

प्रश्न 4. प्रकृति से हमे मिलता है ?

(अ) लोहा (ब) साबुन

(स) प्लास्टिक (द) कुर्सी

उत्तर – (अ) लोहा

प्रश्न 5. लोहे से बनी वस्तुओ के नाम लिखो।

उत्तर – पलंग, कुर्सी आदि कोई दो लिखने पर अंक दिय जाए।

प्रश्न 6. पेन्सिल किससे बनती है?

उत्तर – पेन्सिल लकड़ी और ग्रेफाईट से बनती है।

प्रश्न 7. निम्नलिखित से बनी दो वस्तुओ के नाम लिखो।

| **प्लास्टिक** | **लकड़ी** |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |

उत्तर –

| **प्लास्टिक** | **लकड़ी** |
|---|---|
| 1. कुर्सी | 1. पलंग |
| 2. खिलौने | 2. कुर्सी |

प्रश्न 8. निम्न में से छाटकर लिखो कुआँ, नदी, मिट्टी, पेन्सिल।

| **प्रकृति से प्राप्त** | **मानव द्वारा** |
|---|---|
| | |
| | |

उत्तर -

| **प्रकृति से प्राप्त** | **मानव द्वारा** |
|---|---|
| नदी | कुआँ |
| मिट्टी | पेन्सिल |

**-----ooo-----**

## पाठ – 8

## बगिया

प्रश्न 1. निम्न में से कौन फूल नही है ?

(अ) कमल (ब) लिली

(स) गुलाब (द) अनार

उत्तर – (द) अनार

प्रश्न 2. इनमे से अलग कौन है ?

(अ) सूरजमुखी (ब) गुलाब

(स) कमल (द) आम

उत्तर – (द) आम

प्रश्न 3. वह कौन सा पौधा है? जिस पर कांटे होते है-

(अ) कमल (ब) गुलाब

(स) गेंदा (द) सेवंती

उत्तर – (ब) गुलाब

प्रश्न 4. वह कौन सा पौधा है? जिसकी हम पत्तिया खाते है –

(अ) पालक (ब) बेंगन

(स) भिन्डी (द) करेला

उत्तर – (अ) पालक

प्रश्न 5. दो पेड़ो के नाम लिखो जिनके हम फल खाते है।

उत्तर – आम, जाम, केला आदि।

प्रश्न 6. अपने आस - पास पाये जाने वाले दवा के रूप में उपयोग किये जाने वाले पेड़ो के नाम लिखो।

उत्तर – नीम, जामुन।

प्रश्न 7. बगीचे का चित्र बनाओ?

उत्तर –



प्रश्न 8. यदि पेड़ पौधे न हो तो जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर – (1) हमे शुद्ध हवा नही मिलेगी।

(2) भोजन नही प्राप्त होगा।

-----ooo-----

## पाठ – 9

## मिट्टी

प्रश्न 1. ईट बनती है –

(अ) मिट्टी और रेत से (ब) रेत से

(स) कोयले से (द) सीमेन्ट से

उत्तर – (अ) मिट्टी और रेत से

प्रश्न 2. मटका बनता है –

(अ) कागज से (ब) लकड़ी से

(स) मिट्टी से (द) रेत से

उत्तर – (स) मिट्टी से

प्रश्न 3. मिट्टी के अन्दर रहने वाला जन्तु है –

(अ) गिलहरी (ब) केंचुआ

(स) कछुआ (द) तोता

उत्तर – (ब) केंचुआ

प्रश्न 4. निम्नलिखित में गलत जोड़े को पहचानिये –

(अ) मिट्टी के घड़े - कुम्हार।

(ब) मुरुम - काला।

(स) केंचुआ – मिट्टी।

(द) दीपावली –मिट्टी के दिये।

उत्तर – (ब) मुरुम - काला।

प्रश्न 5. हम मिट्टी से बनी किन – किन चीजों का उपयोग करते है?

उत्तर – खिलौने, मटका, सुराही आदि।

प्रश्न 6. दीपावली में मिट्टी से बनी वस्तुओ के नाम लिखो?

उत्तर – दीया, मुर्तिया।

प्रश्न 7. घड़े का चित्र बनाओ।

उत्तर –



प्रश्न 8. यदि मिट्टी नही होती तो क्या होता?

उत्तर – (1) पेड़ पौधे नही उग पाते।

(2) हमे भोजन नही मिलता।

-----ooo-----

## पाठ – 10

## हवा

प्रश्न 1. हवा का उपयोग इनमे से किसमें नही होता है –

(अ) सीटी (ब) साइकिल

(स) ढोलक (द) बांसुरी

उत्तर – (स) ढोलक

प्रश्न 2. हवा को हम निम्न से क्या कर सकते है।

(अ) देख सकते है। (ब) महसूस कर सकते है।

(स) छू सकते है। (द) इनमे से कोई नही।

उत्तर – (ब) महसूस कर सकते है।

प्रश्न 3. हवा निम्न में से किन – किन वस्तुओ में है।

(अ) रबर (ब) चॉक

(स) पेन्सिल (द) खाली गिलास

उत्तर – (द) खाली गिलास

प्रश्न 4. हवा में उड़ सकते है –

(अ) पेड़ (ब) जानवर

(स) पक्षी (द) आदमी

उत्तर – (स) पक्षी

प्रश्न 5. हवा के कोई दो उपयोग बताओं?

उत्तर – (1) कपड़े सूखते है।

(2) साँस लेते है।

प्रश्न 6. दो वस्तुओं के नाम लिखो जिसमे हवा का उपयोग होता है?

उत्तर – बांसुरी, सायकिल, सीटी आदि।

प्रश्न 7. नदी, तालाब में नहाते समय पानी के अन्दर हमे ज्यादा देर नही रहना चाहिए क्यों?

उत्तर – क्योंकि हम साँस नही ले पायेंगे हमारी जान का खतरा है।

प्रश्न 8. तुम्हारे आस – पास हवा है, यह दिखाने के लिए तुम क्या करोगे?

उत्तर – पानी से भरी बाल्टी में खाली काँच की बॉटल डाल कर प्रयोग करंगे। बाँटल में से हवा के बुलबुले निकलेंगे इस तरह का कोई भी होता प्रयोग लिखने पर अंक दिये जाय।

-----ooo-----

## पाठ – 11

## पानी

प्रश्न 1. पानी की आवयश्कता किन कामो में पडती है?

(अ) गाना गाने में
(ब) खेलने में

(स) पढने में
(द) पौधे लगाने में

उत्तर – (द) पौधे लगाने में

प्रश्न 2. इनमे से कौन सा काम बिना पानी के कर सकते है?

(अ) चाय बनाना
(ब) चित्र पर पेंट करना

(स) लिखना
(द) पौधा लगाना

उत्तर – (स) लिखना

प्रश्न 3. पानी में रहने वाला जानवर इनमे से कौन सा है?

(अ) मछली
(ब) बन्दर

(स) तोता
(द) बाघ

उत्तर – (अ) मछली

प्रश्न 4. पानी में परिवहन का एक तरीका है?

(अ) कार
(ब) नाव

(स) बस
(द) साइकिल

उत्तर – (ब) नाव

प्रश्न 5. पानी में रहने वाले दो जंतुओ के नाम बताओ ?

उत्तर – मछली, मेढ़क

प्रश्न 6. नदी में यात्रा करने के दो साधन बताओ।

उत्तर – नाव, पाल नाव

प्रश्न 7. पानी हमे कहाँ – कहाँ से प्राप्त होता है ?

उत्तर – नदी, तालाब, झील इत्यादि

प्रश्न 8. पानी का उपयोग हम किन – किन कामों में करते है ?

उत्तर – नहाने, खाना बनाने, कपड़ा धोने आदि।

**-----ooo-----**

## पाठ – 12

## चलो चाँद की  सैर पर जाएँ

प्रश्न 1. सूर्य सुबह किस दिशा से निकलता है?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर – (स) पूर्व

प्रश्न 2. पूर्णिमा की रात को चंद्रमा दिखता है?

(अ) पूरा गोल (ब) आधा

(स) एक चौथाई (द) एक तिहाई

उत्तर – (अ) पूरा गोल

प्रश्न 3. हमें आकार में सबसे बड़ा रात में क्या दिखायी देता है?

(अ) चंद्रमा (ब) सूरज

(स) पृथ्वी (द) तारे

उत्तर – (अ) चंद्रमा

प्रश्न 4. सूर्य बड़ा होने के बाद भी छोटा दिखाई देता है क्यों?

(अ) उसमे प्रकाश ज्यादा है (ब) वह बहुत दूर है

(स) हमारी आखे बहुत छोटी है (द) इनमे से कोई नही

उत्तर – (व) वह बहुत दूर है।

प्रश्न 5. चन्द्रग्रहण कब होता है?


उत्तर – चन्द्रग्रहण पूर्णिमा को होता है।

प्रश्न 6. आसमान में दिन और रात के समय क्या – क्या दिखाई देता है।

उत्तर – दिन में सूरज और रात में चन्द्रमा और तारे।

प्रश्न 7. सूर्य का चित्र बनाओ रंग भरो?

उत्तर –



प्रश्न 8. दिशाओ के नाम बताओ?

उत्तर – पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण।

-----ooo-----

## पाठ – 13

## घर कैसे-कैसे

प्रश्न 1. चिड़ियाँ जहाँ रहती है, उसे कहते है।

(अ) डब्बा (ब) कोठा

(स) घोसला (द) चिड़ियाघर

उत्तर – (स) घोसला

प्रश्न 2. कच्चे मकान की ऊपरी भाग को कहते है।

(अ) खिड़की (ब) छप्पर

(स) दीवार (द) दरवाज़ा

उत्तर – (ब) छप्पर

प्रश्न 3. पक्के मकान के ऊपरी भाग को कहते है।

(अ) फर्श (ब) दीवार

(स) दरवाजा (द) छत

उत्तर - (द) छत

प्रश्न 4. पक्का घर में उपयोग न आने वाली सामग्री है।

(अ) सीमेंट (ब) ईट

(स) रेत (द) मिट्टी

उत्तर – (द) मिट्टी

प्रश्न 5. घर कितने प्रकार के होते है ? नाम लिखिए –

उत्तर – घर दो प्रकार के होते है-

(1) कच्चा घर

(2) पक्का घर

प्रश्न 6. कच्चा घर में लगने वाले कोई दो सामान लिखिए –

उत्तर – (1) मिट्टी (2) खप्परा

प्रश्न 7. पक्का घर में लगने वाले कोई दो सामान लिखिए –

उत्तर – (1) रेत (2) सीमेंट

प्रश्न 8. यदि घर न होते क्या होता?

उत्तर – हम सर्दी, गर्मी, बरसात से नही बच पाते सुरक्षित नही रह पाते|

-----००o-----

## पाठ – 14

## कपड़े तरह तरह के

प्रश्न 1. ऊनी कपड़ो को बनाने के लिए हमे ऊन कहाँ से मिलता है?

(अ) भेड़ से

(ब) बकरी से

(स) सूअर से

(द) गाय से

उत्तर – (अ) भेड़ से

प्रश्न 2. बारिश में हम उपयोग करते है।

(अ) ऊनी कपड़े

(ब) सूती कपड़े

(स) रेनकोट

(द) दस्ताने

उत्तर - (स) रेनकोट

प्रश्न 3. स्वेटर किस मौसम में पहनते है?

(अ) ठंड

(ब) गर्मी

(स) बरसात

(द) सभी मौसम

उत्तर – (अ) ठंड

प्रश्न 4. गर्मी में सूती कपड़े पहनना चाहिए क्योंकि यह –

(अ) यह सस्ते होते है।

(ब) आसानी से मिलते है।

(स) पसीना सोख लेते है।

(द) खराब नही होते है।

उत्तर – (स) पसीना सोख लेते है।

प्रश्न 5. हम कपड़े क्यों पहनते है?

उत्तर – हम ठंडी, गर्मी, बरसात से बचने के लिए कपड़े पहनने है। शरीर को सुंदर व सुरक्षित बनाने के लिए।

प्रश्न 6. ठंड में पीने वाले को दो पेय पदार्थो के नाम लिखो –

उत्तर – चाय, काफ़ी।

प्रश्न 7. गर्मी में आने वाले फलो के नाम लिखो –

उत्तर – आम, तरबूज, जामुन।

प्रश्न 8. घरो के कपड़ो में नीम पत्ती व डामर गोली रखते है क्यों?

उत्तर – ऊनी कपड़ो को कीड़ो से बचाने के लिए।

-----ooo-----

## पाठ – 15

## सफाई

प्रश्न 1. घर एवं शाला का कचरा कहाँ फेंकना चाहिए ?

(अ) नाली में (ब) सड़क पर

(स) कूड़ेदान में (द) गली में

उत्तर – (स) कूड़ेदान में

प्रश्न 2. खासी आने पर हमें –

(अ) खासी रोक लेना चाहिए। (ब) मुँह पर हाथ रखना चाहिए।

(स) मुँह पर हाथ नही रखना चाहिए। (द) कुछ नही करना चाहिए।

उत्तर – (ब) मुँह पर हाथ रखना चाहिए।

प्रश्न 3. गंदे हाथो को धोना चाहिए –

(अ) मिट्टी से (ब) केवल पानी से

(स) साबुन से (द) नही धोना चाहिए

उत्तर – (स) साबुन से

प्रश्न 4. गंदे पानी पीने से होने वाली बीमारी कौन सी है ?

(अ) बुखार (ब) टी.बी.

(स) दस्त (डायरिया) (द) केंसर

उत्तर – (स) दस्त (डायरिया)

प्रश्न 5. अपने घर को साफ रखने के लिए क्या करना चाहिए ?

उत्तर – झाड़ू व पोछा लगाना चाहिए।

प्रश्न 6. हैण्डपंप के आस – पास जमीन को सीमेन्ट से चिकना किया जाता है? क्यों –

उत्तर – उपयोग किया गया पानी वही जमीन पर ना जाए।

प्रश्न 7. गीता ने खेल – खेल में गन्दा पानी पी लिया है उसे क्या बीमारी होगी?

उत्तर – गीता बीमार हो जाएगी।

प्रश्न 8. गंदे पानी के कारण होने वाली बिमारियाँ कौन सी है? लिखिए

उत्तर – दस्त (डायरिया), पीलिया, खुजली।

-----०००-----

## पाठ – 16

## जरुरी बातें

प्रश्न 1. मोनू को रोज शरीर में खुजली रहती है। इसका कारण हो सकता है –

(अ) रोज ना नहाना (ब) रोज नहाना

(स) मच्छर काटने से (द) बीमारी होना

उत्तर- (अ) रोज ना नहाना

प्रश्न 2. हमे कान साफ करना चाहिए –

(अ) ऊँगली से (ब) पिन से

(स) रुई लगी लकड़ी से (द) पेन से

उत्तर- (स) रुई लगी लकड़ी से

प्रश्न 3. हमने अपने दांत साफ़ करना चाहिए।

(अ) सुबह उठकर तथा सोने से पहले। (ब) केवल सुबह उठकर।

(स) केवल रात में सोने से पहले। (द) जब भी मन करे।

उत्तर - (अ) सुबह उठकर तथा सोने से पहले।

प्रश्न 4. कचरे को हमें फेकना चाहिए –

(अ) कूड़ेदान में (ब) घर पर

(स) रोड में (द) घर के बाहर

उत्तर - (अ) कूड़ेदान में

प्रश्न 5. आप किन-किन कामों को करने के बाद हाथ – पैर धोते हो लिखो।

उत्तर - खाना खाने के पहले व शौच से आने के बाद हाथ पैर धोते है।

प्रश्न 6. हमें हाथ या पैर के नाख़ून काटने चाहिए क्यों ?

उत्तर - नाख़ून में गन्दगी फंस जाती है, जो खाना खाते समय पेट में चली जाती है जिससे हम बीमार हो जाते है।

प्रश्न 7.  हमें इधर-उधर नहीं थूकना चाहिए क्यों ?

उत्तर-  इधर-उधर थूकने से गन्दगी फैलती है जिससे हम बीमार हो जायेंगे।

प्रश्न 8.  कूलर का उपयोग बंद करने के बाद उसका पानी क्यों खाली करना चाहिए?

उत्तर-  उसके पानी में मच्छर अण्डे देते है और मच्छर से हमें मलेरिया, डेंगू बिमारियाँ होती है।

**-----ooo-----**

## पाठ – 17

## हमारा भोजन

प्रश्न 1. पत्तेदार सब्जी है –

(अ) आलू | (ब) पालक

(स) मुनगा | (द) लौकी

उत्तर - (ब) पालक

प्रश्न 2. करेला का स्वाद कैसा होता है ?

(अ) खट्टा | (ब) मीठा

(स) कड़वा | (द) नमकीन

उत्तर - (स) कड़वा

प्रश्न 3. बीमार होने पर डॉक्टर हमे फल व सब्जी खोने ही सलाह देते है –

(अ) ये स्वादिष्ट होते है|

(ब) बीमारी से लड़ने के लिए ताकत देते है|

(स) इनसे पेट भरता है|

(द) ये सस्ते होते है|

उत्तर - (ब) बीमारी से लड़ने के लिए ताकत देते है|

प्रश्न 4. चावल से बने खाद्य पदार्थ है –

(अ) चिला | (ब) फरा

(स) चौसेला | (द) ये सभी

उत्तर - (द) ये सभी

प्रश्न 5. पत्ते वाली सब्जी की सूची बनाओ।

उत्तर - पालक, लाल भाजी, चौलाई आदि।

प्रश्न 6. गाय से प्राप्त खाने की वस्तुएं लिखिए –

उत्तर - दूध, दही, घी, मक्खन, पनीर आदि

प्रश्न 7.  तुम्हारे घरो में त्योहारों में बनने वाले व्यंजन के नाम लिखिए।

उत्तर -  ठेठरी, खुरमी, खीर आदि

प्रश्न 8.  तुम्हारे घर में बुजुर्ग और तुम्हारे खाने की थाली में क्या अंतर होता है ?

उत्तर -  बुजुर्ग (दादा-दादी) का खाना सादा होता है और हमारा मसालेदार।

**-----ooo-----**

## पाठ – 18

## हमारा त्यौहार

प्रश्न 1. गुलाल खेलते है –

(अ) ईद में (ब) होली में

(स) दीपावली में (द) क्रिसमस में

उत्तर - (ब) होली में

प्रश्न 2. होली और दीपावली के त्यौहार में क्या समानता है ?

(अ) रंग- गुलाल लगते है। (ब) पटाखे जलाते है।

(स) मिल जुलकर रहना सिखाते है। (द) घरों के सामने दीपक जलाते है।

उत्तर - (स) मिल जुलकर रहना सिखाते है।

प्रश्न 3. गुरु-घासीदास जयंती कब मनाई जाती है ?

(अ) 2 अक्टूबर (ब) 5 सितम्बर

(स) 14 नवम्बर (द) 18 दिसम्बर

उत्तर - (द) 18 दिसम्बर

प्रश्न 4. सेवईयाँ बनायी जाती हैं।

(अ) पोला (ब) हरेली

(स) रक्षाबंधन (द) ईद


उत्तर - (द) ईद

प्रश्न 5. निम्न त्योहारो को सही क्रम में जमाओ गणतन्त्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, क्रिसमस, होली।

उत्तर - गणतन्त्र दिवस, होली, स्वतंत्रता दिवस, क्रिसमस।

प्रश्न 6.  रंग भरो –

उत्तर -  राष्ट्रीय ध्वज



राष्ट्रीय ध्वज के रंगो का रंग भरना।

प्रश्न 7. अपने मन पसंद त्यौहार पर तीन वाक्य लिखो।

उत्तर - किसी भी त्यौहार के बारे में तीन वाक्य लिखे।

प्रश्न 8. दीवाली त्यौहार में छत्तीसगढ़ में कौनसा नृत्य होता है ?

उत्तर - सुआ नृत्य।

-----ooo-----

## पाठ – 19

## शाला के त्यौहार

प्रश्न 1. पं.जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन को किस दिवस के रूप में मनाते हैं ?

(अ) स्वतंत्रता दिवस | (ब) गणतंत्र दिवस

(स) बाल दिवस | (द) शिक्षक दिवस

उत्तर - (स) बाल दिवस

प्रश्न 2. 2 अक्टूबर को हम मनाते है।

(अ) स्वतंत्रता दिवस | (ब) गाँधी जयंती

(स) बाल दिवस | (द) शिक्षक दिवस

उत्तर - (ब) गाँधी जयंती

प्रश्न 3. स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।

(अ) 26 जनवरी | (ब) 15 अगस्त

(स) 2 अक्टूबर | (द) 15 नवम्बर

उत्तर - (ब) 15 अगस्त

प्रश्न 4. प्रभात फेरी निकाली जाती है।

(अ) बाल दिवस | (ब) शिक्षक दिवस

(स) स्वतंत्रता दिवस | (द) क्रिसमस

उत्तर - (स) स्वतंत्रता दिवस

प्रश्न 5. राष्ट्रीय त्यौहारों का नाम लिखो –

उत्तर - स्वतंत्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस।

प्रश्न 6. 2 अक्टूबर का त्यौहार किस महान व्यक्ति की याद में बनाया जाता है।

उत्तर - महात्मा गाँधी।

प्रश्न 7.  गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है? विद्यालय में कैसे मनाते हैं ?

उत्तर -  26 जनवरी, प्रभात रैली निकालते है। झंडा फहराते है।

प्रश्न 8.  बाल दिवस कब और क्यों मनाया जाता है ?

उत्तर -  14 नवम्बर, को मनाते हैं। चाचा जवाहर लाल नेहरु जी के जन्म दिन पर।

-----ooo-----

## पाठ – 20

## हमारे काम धंधे

प्रश्न 1. उस्तरा, कैंची, आरी और कंघी में से कौन समूह से अलग है ?

(अ) उस्तरा (ब) कैंची

(स) आरी (द) कंघी

उत्तर - (द) कंघी

प्रश्न 2. आपके कपड़े कौन सिलता है ?

(अ) कुम्हार (ब) बढ़ई

(स) दर्जी (द) डाकिया

उत्तर - (स) दर्जी

प्रश्न 3. ईट किससे बनती है?

(अ) मिट्टी (ब) पत्थर

(स) चुना (द) रेत

उत्तर - (अ) मिट्टी

प्रश्न 4. खेती का काम कौन करता है?

(अ) मजदूर (ब) किसान

(स) कारीगर (द) बढ़ई

उत्तर - (ब) किसान

प्रश्न 5. तुम्हारे घर में पत्र कौन लाता है ?

उत्तर - डाकिया

प्रश्न 6. तुम्हारे आस-पास लोग कौन से काम करते हैं ?

उत्तर - कोई भी दो काम बच्चे लिखेंगे।

प्रश्न 7.  मिट्टी के बर्तन कौन बनाता है?

उत्तर - कुम्हार।

प्रश्न 8. जब तुम बीमार होते हो, किसके पास जाते हो ?

उत्तर - डॉक्टर के पास जाते हैं।

-----ooo-----

## पाठ – 21

## जरा संभल के

प्रश्न 1. सड़क पर चलते समय हमें –

(अ) यातायात के नियमों को नही मानना चाहिए।

(ब) यातायात के नियमों को मानना चाहिए|

(स) सीधे चलना चाहिए|

(द) बात नहीं करनी चाहिए|

उत्तर- (ब) यातायात के नियमों को मानना चाहिए|

प्रश्न 2. चौराहे पर लगी लाल बत्ती जलते हुए देखकर लोग –

(अ) चलने लगते है।
(ब) रुक जाते है।

(स) दौड़ते है।
(द) चलने के लिए तैयार

उत्तर - (ब) रुक जाते है।

प्रश्न 3. नदी का संकेत चित्र कौन सा है ?

(अ) 
(ब) 

(स) 
(द) 

उत्तर - (द) 

प्रश्न 4. हमें कोई भी काम करते समय –

(अ) जल्दबाजी करना चाहिए।

(ब) सावधानी रखना चाहिए।

(स) आराम से करना चाहिए।

(द) ध्यान नहीं देना चाहिए।

उत्तर - (ब) सावधानी रखना चाहिए।

प्रश्न 5. सड़क पर लाल बत्ती, हरी बत्ती व पीली बत्ती क्यों लगी होती है ?

उत्तर - लाल बत्ती, रुकने के लिए, हरी बत्ती, चलने के लिए व पीली बत्ती चलने के लिए तैयार का संकेत देती है।

प्रश्न 7. हमें फल खाकर छिलका सड़क पर नही फेंकना चाहिए क्यों ?

उत्तर - उससे फिसल कर कोई गिर सकता है दुर्घटना हो सकती है।

प्रश्न 8. ऐसा कार्य लिखो जिसके कारण किसी को चोट लग सकती है।

उत्तर - केला खाकर छिलका, रोड पर फेंक देना, उससे फिसलकर लोग गिरेंगे और चोट लग जाएगी।

**-----ooo-----**

## पाठ – 22

## संकेतों की दुनिया

प्रश्न 1.  यह किसका संकेत है –

(अ) हंसना　　　　(ब) रोना

(स) गुस्सा　　　　(द) उदास

उत्तर - (ब) रोना

प्रश्न 2. आप सड़क पर साइकिल से जा रहे हैं –

 इस संकेत को देखकर आप क्या करेंगे ?

(अ) साइकिल रोक देंगे।

(ब) साइकिल की गति धीमी करेंगे।

(स) साइकिल की गति तेज करेंगे।

(द) गति में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे।

उत्तर - (ब) साइकिल की गति धीमी करेंगे।

प्रश्न 3. मोनू > सोनू से है। यहाँ > चिन्ह का मतलब होगा –

(अ) मोनू, सोनू के बराबर है।

(ब) मोनू, सोनू से छोटा।

(स) मोनू, सोनू से बड़ा है।

(द) सोनू, मोनू से बड़ा है।

उत्तर - (ब) मोनू, सोनू से बड़ा है।

प्रश्न 4.  यह किसका संकेत है –

(अ) सड़क　　　　(ब) कुँआ

(स) तालाब　　　　(द) नदी

उत्तर - (ब) कुँआ

प्रश्न 5. निम्न संकेतों के चित्र बनाइये –

(1) सूरज (2) घर


उत्तर - (1) सूरज (2) घर





प्रश्न 6. ट्रैफिक लाइट का चित्र बनाकर रंग भरिए –

उत्तर -



प्रश्न 7. यदि तुम्हे बिना बोले ही, " क्षमा का अभिवादन करना हो तो " तुम कैसे करोगे ?

उत्तर - हाथ जोड़ कर

प्रश्न 8. यदि बिना बोले पानी मांगना है तो तुम कैसे मांगोगे ?

उत्तर - मुठ्ठी बंद कर अंगूठे को मुँह की तरफ दिखाकर इशारा करके।

-----ooo-----

## पाठ – 23

## आओ नक्शा बनाएँ

प्रश्न 1. नजरी नक्शा बनाया जाता है:-


(अ) घर बनाने के लिए।

(ब) रंग भरने के लिए।

(स) किसी जगह को ढूंढने के लिए।

(द) चित्र बनाने के लिए।

उत्तर – (स) किसी जगह को ढूंढने के लिए।

प्रश्न 2.  यह संकेत है –

(अ) घर का

(ब) डाकघर का

(स) मंदिर का

(द) अस्पताल का

उत्तर - (द) अस्पताल का

प्रश्न 3. किसी गाँव/शहर में किसी जगह की सही स्थिति जानने में सबसे ज्यादा मदद मिलती है –

(अ) समाचार पत्रों से

(ब) नजरी नक्शे से

(स) व्यक्ति से

(द) पुलिस से

उत्तर - (ब) नजरी नक्शे से

प्रश्न 4. कुँआ का संकेत है –

(अ) 

(ब) 


(स) 

(द) 

उत्तर - (स) 

प्रश्न 5. नजरी नक्शा क्यों बनाया जाता है?

उत्तर - किसी जगह की सही स्थिति जानने के लिए।




प्रश्न 6. ऊपर दिये गये चित्र में मंदिर के विपरीत क्या है ?

उत्तर - मंदिर के विपरीत पेड़ व घर है।

प्रश्न 7. ऊपर दिये गये चित्र में घर से पूर्व में क्या है ?

उत्तर - घर के पूर्व में पेड़ है।

प्रश्न 8. ऊपर दिये गये चित्र में घर के दक्षिण में क्या है ?

उत्तर - अस्पताल।

-----ooo-----

## पाठ – 24

## आओ सवारी करें

प्रश्न 1. घोड़े की सहायता से चलने वाला वाहन है –

(अ) बैलगाड़ी (ब) रिक्शा

(स) साइकिल (द) तांगा

उत्तर - (द) तांगा

प्रश्न 2. ऐसी गाड़ी जिसे बैल चलाता हो –

(अ) रेलगाड़ी (ब) रिक्शा

(स) बैलगाड़ी (द) तांगा

उत्तर - (स) बैलगाड़ी

प्रश्न 3. इनमें से कौन सा वाहन तेज चलता है ?

(अ) आटो (ब) टांगा

(स) रिक्शा (द) बस

उत्तर - (द) बस

प्रश्न 4. सड़क पर चलने वाला वाहन है।

(अ) बस (ब) हवाई जहाज

(स) पानी जहाज (द) नाव

उत्तर - (अ) बस

प्रश्न 5. पानी में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले साधन कौन-कौन से हैं ?

उत्तर - नाव, जहाज, पाल नाव आदि।

प्रश्न 6. ऐसे वाहनों का नाम लिखो जिन्हे जानवर खीचते हैं।

उत्तर - तांगा, बैलगाड़ी।

प्रश्न 7.  नाव का चित्र बनाओ रंग भरो।

उत्तर  -



प्रश्न 8.  चार चक्कों से चलने वाले वाहन के नाम लिखो।

उत्तर - ट्रक, बस, कार आदि।

-----ooo-----

## पाठ – 25

# घटती दूरियाँ

प्रश्न 1. पुराने जमाने में संदेश भेजते थे –

(अ) कबूतर से (ब) कौआ से

(स) कोयल से (द) मुर्गा से

उत्तर - (अ) कबूतर से

प्रश्न 2. पोस्ट कार्ड खरीदना है, कहाँ मिलेगा ?

(अ) अस्पताल में (ब) पंचायत में

(स) डाकघर में (द) वाचनालय में

उत्तर - (स) डाकघर में

प्रश्न 3. तुम अपने परिवार से तुरंत बात कर सकते हो –

(अ) पत्र लिखकर (ब) मोबाईल से

(स) पोस्टकार्ड द्वारा (द) समाचार पत्र द्वारा

उत्तर - (ब) मोबाईल से

प्रश्न 4. आजकल सबसे लोकप्रिय संचार का साधन है।

(अ) समाचार पत्र (ब) रेडियो

(स) मोबाईल (द) पोस्टकार्ड

उत्तर - (स) मोबाईल

प्रश्न 5. पोस्टआफिस में मिलने वाले कोई दो डाक सामग्री के नाम लिखो।

उत्तर - लिफाफा, पोस्टकार्ड।

प्रश्न 6. देश – विदेश की जानकारी किन माध्यमों से प्राप्त होती है ?

उत्तर - समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन, मोबाईल आदि।

प्रश्न 7.  आपके घर डाक देने कौन आता है।

उत्तर -  डाकिया

प्रश्न 8.  संचार के साधन किसे कहते हैं ?

उत्तर – जिन साधनों से हमें समाचार प्राप्त होता है। उन्हे संचार के साधन कहते है।

-----०००-----

## पाठ – 26

## लुढ़कता चले पहिया

प्रश्न 1. पहियों का आकार होता है –

(अ) गोल (ब) चौराहे

(स) तिकोने (द) आयताकार

उत्तर - (अ) गोल

प्रश्न 2. बिना पहिये वाला वाहन है –

(अ) हवाई जहाज (ब) बैलगाड़ी

(स) बस (द) नाव

उत्तर - (द) नाव

प्रश्न 3. बैलगाड़ी में पहिया बना होता है –

(अ) प्लास्टिक (ब) लकड़ी

(स) काँच (द) मिट्टी

उत्तर - (ब) लकड़ी

प्रश्न 4. किसमें पहियें का उपयोग नहीं होता –

(अ) क्रेन में (ब) पवन चक्की में

(स) ऊँट गाड़ी में (द) हवा भरने के पम्प में

उत्तर - (द) हवा भरने के पम्प में

प्रश्न 5. तीन पहिये वाले दो वाहन के नाम लिखो।

उत्तर - आटों, रिक्शा।

प्रश्न 6. अगर हमारे पास पहिए नही होते तो हम क्या नही कर पाते ?

उत्तर - वाहनों का प्रयोग कठिन होता।

प्रश्न 7. किसी, पहिये वाले वाहन का चित्र बनाइये। (कोई एक)

उत्तर -



प्रश्न 8. सही सम्बन्ध जोडो –

| | **गाड़ी** | **पहिया** |
|---|---|---|
| 1. | मोटर साइकिल | आठ |
| 2. | कार | तीन |
| 3. | रिक्शा | दो |
| 4. | ट्रेक्टर | चार |

उत्तर -

| | गाड़ी | पहिया |
|---|---|---|
| 1. | मोटर साइकिल | दो |
| 2. | कार | चार |
| 3. | रिक्शा | तीन |
| 4. | ट्रेक्टर | आठ |

**-----ooo-----**

## पाठ – 27

## आओं खेलें – खेल

प्रश्न 1. हम खेल खेलते है तो –

(अ) खेल खेलने से ताकत मिलती है।

(ब) प्रसन्नता होती है।

(स) साथियों से मित्रता बढ़ती है।

(द) इनमें से सभी।

उत्तर - (द) इनमें से सभी।

प्रश्न 2. शतरंज के खेल में आवश्यक नही है –

(अ) नियम की (ब) साथी की

(स) मैदान की (द) मोहरें की

उत्तर - (स) मैदान की

प्रश्न 3. क्रिकेट की टीम में सदस्यों की संख्या होती है –

(अ) ग्यारह (ब) नौ

(स) सात (द) छः

उत्तर - (अ) ग्यारह

प्रश्न 4. निम्न में से कौन से खेल – खेलने में खेल सामाग्री नही लगती –

(अ) फुटबाल (ब) क्रिकेट

(स) कबड्डी (द) साँप – सीढ़ी

उत्तर – (स) कबड्डी

प्रश्न 5. दो ऐसे खेलो के नाम लिखो जो समूह में खेले जाते है –

उत्तर - क्रिकेट, हॉकी आदि।

प्रश्न 6.  ऐसे खेलो के नाम लिखो जिसमें खेल सामाग्री नही लगती है –

उत्तर -  खो – खो, कबड्डी, दौड़ आदि।

प्रश्न 7.  घर के अन्दर खेले जाने वाले खेलों के नाम लिखो –

उत्तर -  शतरंज, लूडो, साँप – सीढ़ी, कैरम।

प्रश्न  8.  यदि हम खेल में हार जाते है, तो क्या करना चाहिए ?

उत्तर -  हारने में हमे जितने वाली टीम को बधाई देना चाहिए।

-----ooo-----

## पाठ – 28

## राजू गया तालाब पर

प्रश्न 1. जीव जंतु को हमे –

(अ) बांध कर रखना चाहिए

(ब) मारना चाहिए

(स) सर्कस भेजना चाहिए

(द) मारना नही चाहिए

उत्तर - (द) मारना नही चाहिए

प्रश्न 2. सड़क पर, पार करते हुए बुजुर्ग को –

(अ) देखकर मजा लेंगे

(ब) दूर से रास्ता दिखायेंगे

(स) हाथ पकड़कर मदद करेंगे

(द) कुछ नही करेंगे

उत्तर - (स) हाथ पकड़कर मदद करेंगे |

प्रश्न 3. तुम्हारे आँगन में एक पक्षी घायल होकर गिर गया है तो तुम उसे –

(अ) बाहर निकल दोगे

(ब) दवा लगाओगे

(स) पिंजरे में बंद करोगे

(द) कुछ नही करोगे

उतर - (ब) दवा लगाओगे

प्रश्न 4. बच्चों और बुजुर्गो को –

(अ) सताना चाहिए

(ब) उनकी बात नहीं माननी चाहिए

(स) मदद करनी चाहिए

(द) अकेले रखना चाहिए

उत्तर - (स) मदद करनी चाहिए

प्रश्न 5. तुम मम्मी के कार्यों में कैसे मदद करते हो?

उत्तर - छोटे-भाई को संभाल कर, घर के कामों में

प्रश्न 6. घर के कौन से कार्यों की जिम्मेदारी तुम्हारे ऊपर है?

उत्तर - बच्चे अपने हिसाब से लिखेंगे।

प्रश्न 7. तुम्हारे दोस्त ने तितली को डिब्बे में बंद कर दिया है, तो तुम क्या करोगे।

उत्तर - दोस्त को समझाऊँगा की जानवरों को तंग नही करना चाहिए। तितली को आजाद करूँगा।

प्रश्न 8. कोई ऐसी घटना बताओ जिसमें तुमने किसी की मदद की हो?

उत्तर - बच्चे अपने अनुभव लिखेंगे।

-----ooo-----


# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता







राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़